Regarding need to complete railway projects in Palamu, Jharkhand-laid

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के अंतर्गत दो रेल परियोजनाओं के लंबित रहने के कारण उस क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक परियोजना गया-शेरघाटी- इमामगंज-डालटनगंज रेलवे लाइन के निर्माण से संबंधित है और दूसरी परियोजना बरवाडीह-चिरिमिरी- अंबिकापुर तक रेल लाइन निर्माण से संबंधित है। विदित है कि उक्त परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु मैं वर्ष 2014 से ही सदन में उठाता रहा हूँ। दोनों रेल परियोजना में एक समानता है और वह है कई किलोमीटर तक दोनों परियोजनाओं में रेलवे लाइन का निर्माण हो चुका है। इन दोनों रेल परियोजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च भी हो चुके हैं परंतु वर्षों से उस पर कार्य होना बंद हो गया है। अतः माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि इन दोनों रेल परियोजनाओं को पूर्ण कराने का कार्य करें जिससे न केवल मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी बल्कि बिहार एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के संबंधित जिलों के निवासियों को भी सुविधा होगी।